लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी, (राजस्व)
(जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़
पीठासीन अधिकारी **तारा चन्द मीणा,** आई.ए.एस.

प्रकरण संख्या / 91 / 2021 (सू.अ.)
पंजीयन दिनांक:- 13.08.2021
GCMS NO:- 2021/376

श्री श्याम लाल व्यास निवासी नारायणपुरा (भीण्डर) जिला उदयपुर

बनाम

सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, डूंगला

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम–2005

निर्णय

दिनांक 07.09.2021

सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, डूंगला के यहां सूचना चाहने हेतु एक आवेदन दिनांक 21.06.2021 को प्रस्तुत किया। प्रस्तुत आवेदन पर 30 दिवस की अवधि में भी अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराने से अपीलार्थी द्वारा यह अपील प्रस्तुत की गई।

अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर इस न्यायालय के पत्रांक प्र.सं. सूचना का अधिकार 91 / 2021 / (07.09) / 854 दिनांक 13.08.2021 से सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, डूंगला को दिनांक 07.09.2021 से पूर्व कमेंट्स प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित करते हुए, अपीलार्थी को भी समसंख्यक पत्रांक (रजिस्टर्ड) से नियत दिनांक 07.09.2021 को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित होने के लिये लिखा गया।

रजिस्टर्ड पत्र के माध्यम से सूचना देने के बावजूद भी अपीलार्थी नियत दिनांक को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित नहीं हुआ। लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन) चित्तौड़गढ ने अपने पत्र क्रमांक / एडीएम / पीए / लोसूअ / 2021 / 854 दिनांक 13.08. 2021 से कमेंट्स प्रेषित किये जो इस प्रकार है:–

प्रार्थी श्री श्याम लाल व्यास निवासी नारायणपुरा (भीण्डर) जिला उदयपुर द्वारा प्रस्तुत अपील में प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना कार्यालय के पत्रांक / रीडर / सू.का अधि.अधि.2005 / 2021 /

तारा चन्द मीणा
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी,
जिला कलक्टर
चित्तौड़गढ़ (राज.)

प्रकरण संख्या 91/2021 (सू.अ.)
श्री श्यामलाल व्यास निवासी नारायणपुरा (भीण्डर) बनाम सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, डूंगला

555–56 दिनांक 09.07.2021 से प्रार्थना पत्र में वर्णित वांछित सूचना ग्राम मौजा मंगलवाड़ की आराजी संख्या 2138/217 किस्म आबादी की जमाबन्दी नकल एवं मानचित्र वि. स. 2121 सन् 1965 की तैयार कर जमाबन्दी एवं नक्शा ट्रेस व नई जमाबन्दी ऑनलाईन की मूल प्रति संलग्न कर भिजवाई गई है। प्रार्थी को वांछित सूचना नियत समयावधि में उपलब्ध करा दी गई है। जिसकी प्रति संलग्न है।

हमने अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील तथा सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, डूंगला द्वारा अपने पत्रांक 829 दिनांक 24.08.2021 से प्रेषित कमेंट्स तथा उसके संलग्न अनुलग्नकों का अवलोकन कर उस पर मनन किया। जिसके अनुसार अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, डूंगला द्वारा अपने पत्रांक/रीडर/सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 /2021/555–56 दिनांक 09.07.2021 से प्रेषित की जा चुकी है।

चूंकि अपीलार्थी को सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, डूंगला द्वारा, उसके द्वारा वांछित सूचना/प्रतिलिपियां जरिये ड़ाक द्वारा प्रेषित कर दिए जाने से अब इस प्रकरण में कोई कार्यवाही शेष नहीं रहती है। निष्कर्षतः अपील अपीलार्थी सारहीन होने से खारिज की जाती है।

(तारा चन्द मीणा)
आई.ए.एस.
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

क्र./सरिश्ता/ प्र.सं./91/2021(सू.अ.)/99।

दिनांकः– 19/09/2021

प्रतिलिपिः–
1. सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, डूंगला
2. श्री श्यामलाल व्यास निवासी नारायणपुरा (भीण्डर), जिला उदयपुर

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)